लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की

...

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक देशों के साथ विचारों के आदान प्रदान में भारतीय संसदीय समूह की अहम भूमिका: लोक सभा अध्यक्ष

...

विभिन्न देशों के साथ संसदीय डिप्लोमेसी को बढावा देता है भारतीय संसदीय समूह: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोकतांत्रिक संस्थाओं को और सशक्त, मजबूत और पारदर्शी बनाने में भारतीय संसदीय संघ समूह का अहम योगदान: लोक सभा अध्यक्ष

...

समकालीन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य विषयों पर विचार साझा करता है भारतीय संसदीय समूह: लोक सभा अध्यक्ष

...

उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार समारोह एक लोक सभा की कार्य अवधि में दो बार आयोजित होगा: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 13 अगस्त 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक आम बैठक कि अध्यक्षता की। बैठक में राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश तथा वाणिज्यके एवं उद्योग;उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री व राज्य सभा में सदन के नेता श्री पीयूष गोयल ने भी भाग लिया। इस बैठक में लोक सभा व राज्य सभा के सौ से अधिक वर्त्तमान व भूतपूर्व सांसद भी शामिल हुए।

समूह की बैठक को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक देशों के साथ विचारों के आदान प्रदान में भारतीय संसदीय समूह की अहम भूमिका रही है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संसदीय समूह ने विभिन्न देशों के साथ संसदीय कूटनीति को बढावा दिया है एवं देश के लोकतान्त्रिक मूल्यों को निरंतर विश्व के साथ सांझा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक संस्थाओं को और सशक्त, मजबूत और पारदर्शी बनाने में भारतीय संसदीय समूह का अहम योगदान रहा है।

समूह के सदस्यों के व्यापक अनुभव का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारतीय संसदीय समूह समकालीन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य विषयों पर विचार साझा करता रहा है जिसका लाभ देश के आम जनमानस को मिला है।

समूह द्वारा आयोजित उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार समारोह के विषय में श्री बिरला ने बताया की यह पुरस्कार अब से एक लोक सभा की कार्य अवधि में दो बार आयोजित होगा। उन्होंने आगे बताया की इसी वर्ष 2018, 2019 व 2020 के लिए 'उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार दिए जाएंगे।

बैठक में टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेताओं के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसे सर्व सहमति से पारित किया गया।

समूह की कार्यकारिणी समिति के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने बताया की अन्य देशों की संसदों के साथ बनने वाले मैत्री समूह में संसद सदस्यों की संख्या 9 से बढ़कर 12 की जाएगी जिसमे 4 सदस्य राज्य सभा एवं 8 सदस्य लोक सभा से होंगे।

भारत की स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर संसद के विशेष सत्र के आयोजन पर भी कार्यकारिणी समिति ने सहमति जताई।

इससे पहले सभा ने भारतीय संसदीय समूह के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

कोरोना काल के कारण यह बैठक 17 वी लोक सभा के कार्यकाल में पहली बार आयोजित की गयी थी।